हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, मंगलवार, 8 अप्रैल 2025

तापमान
अधिकतम 39 .0 डिग्री
न्यूनतम 21.0 डिग्री

नशे के खिलाफ की आवाज बुलंद 10



छात्राओं ने किया खादी ग्रामोद्योग का भ्रमण 10



## खबर संक्षेप

### अवैध असलहा के साथ एक चढ़ा पुलिस हत्थे

**जींद।** डिटेक्टिव स्टाफ ने गांव लिजवाना कलां से फतेहगढ़ की तरफ जाने वाले रास्ते पर एक युवक को काबू उसके कब्जे एक पिस्तोल बरामद किया है। जुलाना थाना पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। डिटेक्टिव स्टाफ को सूचना मिली थी कि गांव लिजवाना कलां से फतेहगढ़ जाने वाले रास्ते पर एक युवक असलहा के साथ खड़ा हुआ है।

### जिप में जॉब फेयर का आयोजन 17 अप्रैल को

**कैथल।** जिला रोजगार अधिकारी अरूण कुमार ने बताया कि कार्यालय द्वारा आगामी 17 अप्रैल को सुबह 10 बजे जिला परिषद के प्रांगण में जॉब फेयर का आयोजन किया जाएगा। इस जॉब फेयर में एचडीएफसी लाइफ इन्श्योरेन्स, पुखराज हेल्थकेयर, एक्सीस बैंक, सेयल नवीकरणीय ऊर्जा, भारत फाइनैन्स आदि कंपनियां भाग लेंगी।

### निजी औषधालय से 55 हजार की नकदी चोरी

**जींद।** नरवाना रोड पर बीती रात चोरों ने निजी औषधालय का ताला तोड़ कर 55 हजार की नगदी व अन्य सामान को चोरी कर लिया। शहर थाना पुलिस ने सचांलक की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नरवाना रोड पर निजी औषधालय संचालक अश्वनी ने शिकायत में बताया कि बीती रात चोरों ने नकदी, चांदी का सिक्का व अन्य सामान को चोरी कर लिया।

### चाणचक में मारपीट में दो भाई घायल

**कैथल।** चाणचक में हुई मारपीट में दो भाई घायल हो गए। अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। चाणचक के सुखराम ने गुहला पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि रंजिश को लेकर 5 को गांव के सादा राम, संदीप, गुरमुख, सुरजीत, विक्की, ज्ञाना, पवन, साधुराम, सत्तू, गोपी, गंजू, रिंकू तथा सत्तू ने मिलकर उसे तथा उसके भाई संदीप पर लाठी तलवारों से हमला करते उन्हें घायल कर दिया।

### रंजिशन बाप व बेटे को घायल करने पर केस

**जींद।** गांव भागखेड़ा में रंजिश के चलते बाप व बेटे पर हमला कर घायल करने पर पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव भागखेड़ा निवासी रोहताश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनका पड़ोसी जयपान से कुछ माह पहले झगड़ा हो गया था। बाद में दोनों पक्षों में समझौता भी हो गया था।

### गांव पीडल से दो बच्चों सहित मां लापता, केस

**कैथल।** गांव पीडल से दो बच्चों की मां अपने बच्चों के साथ बिना बताए घर से लापता हो गई। पीडल के एक व्यक्ति ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि 6 अप्रैल को उसकी 35 वर्षीय पत्नी उसके 2 साल के बेटे और 5 साल की बेटी के साथ बिना बताए घर से चली गई। उसने उनकी आसपास काफी तलाश की लेकिन पता नहीं चला।

### महिला 3 बच्चों के साथ संदिग्ध हालात में लापता

**जींद।** नरवाना की धर्मसिह कालोनी से महिला के अपने तीन बच्चों के साथ संदिग्ध हालात में गायब होने पर शहर थाना नरवाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। नरवाना की धर्मसिंह कालोनी निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई है।

### बाइक चोरी मामले में आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** दोपहिया वाहन चोरों पर शिकंजा कसते चौकी पूंडरी पुलिस द्वारा एक बाइक चोर को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पूंडरी निवासी सोनू की शिकायत अनुसार 26 अगस्त 2024 को उसकी बाइक पूंडरी से अज्ञात व्यक्ति चोरी करके ले गया था। जिस बारे थाना पूंडरी में मामला दर्ज किया गया था।

## मेडिकल करवाने के लिए भटक रहे नवचयनित पीजीटी अध्यापक
## चिकित्सा अधिकारियों के कमरों के बाहर लगी लंबी-लंबी लाइनें

*अस्पताल में पूरा दिन रहा अफरा-तफरी का माहौल*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में सोमवार को उस समय अफरा-तफरी भरा माहौल बन गया जब मेडिकल करवाने के लिए नए पीजीटी भर्ती अध्यापक पहुंचे। सोमवार को अस्पताल में ओपीडी भी अधिक रही और ऊपर से मेडिकल के लिए अलग से पैनल बना कर मेडिकल कार्य को निपटाना पड़ा। जिससे मेडिकल करवाने आए अभ्यार्थियों के साथ-साथ आमजन को भी परेशानी हुई। यहां पफीस कटवाने से लेकर चिकित्सा अधिकारियों के हस्ताक्षर करवाने तथा लंबी-लंबी लाइनें लगी रही। पूरा दिन अस्पताल में अफरा-तफरी भरा माहौल रहा। अभ्यार्थी कभी उस कमरे की तरफ तो कभी दूसरे की तरफ आते-जाते देखे गए।

**अस्पताल खुलते ही मेडिकल के लिए पहुंचे अभ्यार्थी**

गौरतलब है कि नौकरी ज्वायन करने से पहले सभी युवाओं को अपना मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र बनवाना पड़ता है। सरकार द्वारा पीजीटी अध्यापकों का रिजल्ट जारी कर चयनित अभ्यार्थियों की सूची जारी की गई है। इसमें जींद, रोहतक, नरवाना, हिसार के कई अभ्यार्थियों का चयन हुआ है। जिनकी ज्वायनिंग स्टेशन जींद में आया है। ऐसे में सभी को नागरिक अस्पताल से अपना मेडिकल प्रमाण पत्र जारी करवाना था। सोमवार को जैसे ही अस्पताल खुला तो अभ्यार्थियों के साथ-साथ भारी संख्या में मरीज व उनके तिमारदार भी अस्पताल पहुंच गए। इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि सोमवार को ओपीडी 2046 तक पहुंच गई और इसमें मेडिकल करवाने वाले अभ्यार्थी अलग से रहे। अस्पताल में चिकित्सकों का कोई भी कमरा ऐसा नही था, जिसके कमरे के बाहर लंबी लाइन न लगी हो।



जींद। मेडिकल प्रक्रिया को पूरा करवाते अभ्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

**पूरा बोर्ड करता है मेडिकल के लिए परीक्षण:** युवाओं को सबसे पहले 500 रुपये की फीस सिविल सर्जन कार्यालय से कटवानी पड़ती है। इसके बाद रक्त की जांच, ईसीजी तथा एक्सरे करवाने पड़ते हैं। सभी रिपोर्ट लेकर पहले युवा को फिजिशियन के पास जाना होता है। उसके बाद सर्जन, ईएनटी तथा आंखों की जांच की जाती है। यदि महिला उम्मीदवार है तो उसकी जांच महिला चिकित्सक करती हैं। बाद में नागरिक अस्पताल के मेडिकल सुप्रीटेंडेंट हस्ताक्षर करते हैं। अंतिम हस्ताक्षर सिविल सर्जन को करने होते हैं। इसके बाद ही मेडिकल प्रमाण पत्र बनता हैं।

### सौ अध्यापकों के साथ-साथ 2046 ओपीडी : डा. भोला

नागरिक अस्पताल के डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने बताया कि ओपीडी के साथ-साथ चिकित्सकों ने मेडिकल प्रक्रिया को पूरा करने का काम किया है। जितने भी अभ्यार्थी मेडिकल के लिए आए, सभी के प्रमाण पत्र जारी कर दिए गए हैं। किसी भी अभ्यार्थी को मेडिकल के लिए कोई परेशानी नही आने दी गई है। सोमवार को अस्पताल की ओपीडी अधिक रहती है, इसके चलते अस्पताल में भीड़ अधिक रही। खुद कार्यवाह सिविल सर्जन डा. पालेराम कटारिया व डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला प्रमाण पत्रों पर हस्ताक्षर करते रहे। पूरे दिन में सौ से अधिक मेडिकल व 2046 ओपीडी चिकित्सकों द्वारा की गई



राजौंद। अवैध रूप से करवाएं जा रहे निर्माण को जेसीबी मशीन से गिराते हुए अधिकारी व पुलिस टीम। फोटो :हरिभूमि

## राजौंद में बनाई जा रही अवैध दुकानों पर चलाया पीला पंजा

- नोटिस देने के बावजूद नहीं रोका निर्माण कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजौद

राजौंद सोमवार को नपा प्रशासन ने तालाब की जमीन पर बनाई जा रही अवैध रूप से दुकानों के निर्माण पुलिस के साथ मिलकर गिराया। राजौंद बिजली बोर्ड के एसडीओ योगेश को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया था। इस दौरान नगर पालिका के एमई अशोक कुमार कनिष्ठ अभियंता अश्विनी कुमार व अन्य स्टाफ सदस्य ने पुलिस टीम के साथ मिलकर तालाब की जमीन पर बनाए जा रहे अवैध निर्माण को गिरा दिया। सोमवार को दोपहर बाद असंध मार्ग पर नपा व राजौद पुलिस प्रशासन दल के साथ अवैध निर्माण को गिरवा दिया । राजौंद के मुख्य मार्ग पर दादा खेड़े के साथ अवैध निर्माण को नपा प्रशासन पुलिस टीम ने तीन दुकानों पर पीला पंजा चला कर अवैध निर्माण को गिरवा दिया है। इस निमार्ण करवा रहे प्रताप राणा ने बताया कि यह जमीन है जो लाल डोरे की जगह में है और वह कई वर्षो से यहां रह रहे हैं। बताया कि नपा प्रशासन ने इस जमीन बारे जो उससे जवाब मांगा था वह सभी कागजी कार्रवाई के साथ जवाब दिया था। बताया कि जमीन के सभी कागजाद भी नगर पालिका में दिखाएं गए व टैक्स, दुकानों को बनाने के लिए नक्शा पास करवाया गया था।

**तालाब की जमीन**

ड्यूटी मजिस्ट्रेट एवं बिजली निगम के एसडीओ योगेश कुमार ने बताया कि यह जमीन तालाब की थी। इस पर अवैध तरीके से निर्माण किया जा रहा था। नोटिस देने के बावजूद निर्माण कार्य नहीं रोका गया। इस पर राजौंद प्रशासन द्वारा कार्रवाई की गई।

### सोसायटी मैनेजर ने हैंडलिंग एजेंट को पैकिंग कार्य से हटाया
## गड़बड़झाला : पैक की गई बोरियों से चार से पांच किलो कम मिली सरसों

### कम पैकिंग से मचा हडकंप, जवाब किसी के पास नहीं

**कम पैक सरसों पर मार्केट कमेटी सचिव ने जारी किया खरीद एजेंसी को नोटिस**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

नई अनाज मंडी में सरसों खरीद के बाद बोरी सिलाई के दौरान चार से पांच किलाग्राम सरसों के गोलमाल का मामला सामने आया है। किसान से सरसों खरीद के दौरान बोरी का भरत 50 किलो 80 ग्राम का किया जा रहा था। जबकि चार से पांच किलोग्राम सरसों निकाल कर बोरी की सिलाई की जा रही थी। निकाली गई सरसों का क्या किया जाना था, इसका जवाब खरीद एजेंसी के पास नही था। मामला संज्ञान में आने पर खरीद कर रही कोआप्रेटिव सोसायटी मैनेजर ने हैंडलिंग एजेंट को कार्य से हटा दिया गया। जबकि मार्केट सचिव ने सोसायटी मैनेजर को कम पैकिंग को लेकर नोटिस जारी किया है। जिसकी एक कॉपी खरीद एजेंसी हैफड डीएम को भी भेजी गई है।



**तोल में कम दिखाती बोरियां।**





**मंडी में पैक की बोरियां।**

**नोटिस जारी**

मार्केट कमेटी सचिव संजीव जांगडा ने बताया कि पैकिंग के दौरान सरसों बोरी में कम थी। खरीद सोसायटी मैनेजर को नोटिस दिया गया है। जिसकी एक कॉपी डीएम हैफेड को भी भेजी गई है। आखिर बोरियों में कम सरसों क्यों पैक की जा रही थी।

**बोरियों में सरसों कम**

कोऑप्रेटिव सोसायटी के मैनेजर रतनदीप ने बताया कि हैंडलिंग एजेंट ने दिक्कत पैदा की थी। माना कि पैक की बोरियों में सरसों कम थी। एजेंट को हटा दिया है। निकाली सरसों का क्या किया जाना था, इसका जवाब भी पास नही था।

अबतक जिले में लगभग 8900 क्विंटल सरसों की खरीद कर चुकी है। कम पैक का खेल कुछ और इशारा कर रहा है। सरसों की खरीद हैफेड द्वारा की जा रही है। सोमवार को गांव रधाना का किसान चांद सरसों बेचने नई अनाज मंडी की सोसायटी की दुकान पर पहुंचा था। किसान से सरसों खरीद के दौरान 50 किलो 800 ग्राम बोरी में भरा जा रहा था। जब बोरी की सिलाई की जा रही थी तो उसी दौरान उसमें से चार से पांच किलोग्राम सरसों निकाल कर साइड में डाली जा रही थी। जिस पर किसान ने एतराज जताया और सूचना मार्केट सचिव को दी। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। उसी दौरान सरसों खरीद रही काप्रेटिव सोसायटी के मैनेजर भी मौके पर पहुंच गए। जब अधिकारियों की मौजूदगी मे सरसों का तोल हुआ तो सिलाई बोरियों में चार से पांच किलोग्राम सरसों कम पाई । खरीद करने वाली सोसायटी के पास निकाली गई सरसों को लेकर कोई जवाब नही था। मामले को तूल पकड़ते देख सोसायटी मैनेजर ने हैंडलिंग एजेंट को दोषी बताते हुए उसे कार्य से हटा दिया। अब सवाल यह उठता है कि आखिर निकाली गई सरसों का क्या किया जाना था। जबकि सरसों की बोरियां खरीद के बाद गोदाम में पहुंचती हैं। जहां पर सरसों की बोरी का फिर से वजन होता है लेकिन गोदाम से भी कोई शिकायत अधिकारियों को नही मिली है।

## कैथल में खाद और बीज की दुकानें रही बंद

- पेस्टीसाइड संचालकों ने अग्रसेन धर्मशाला में बैठक कर जताया रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

कीटनाशक व उर्वरक विक्रेताओं के खिलाफ बनाए गए नए कानून बनाने के विरोध में सोमवार को जिलेभर के पेस्टीसाइड संचालकों ने हड़ताल शुरू की। बता दें कि संचालकों ने प्रदेश स्तर पर सात दिवसीय हड़ताल शुरू की है। हड़ताल के कारण जिलेभर में खाद व बीजों की दुकानें बंद रही। इस दौरान जिले के पेस्टीसाइड संचालकों ने अग्रसेन धर्मशाला में बैठक कर विरोध जताया। दुकानदारों ने कहा कि किसी भी प्रकार की कमी होने पर खाद बनाने वाली कंपनी पर कार्रवाई हो, इसमें दुकानदारों का कोई रोल नहीं होता है। बता दें कि सरकार ने पांच हजार की बजाय पांच लाख का जुमार्ना लगाने व दो से पांच साल की सजा का प्रावधान भी किया गया है पेस्टिसाइड एंड फर्टिलाइजर एसोसिएशन के जिला प्रधान विकास कुमार ने कहा कि कहा कि उनकी रविवार को कुरुक्षेत्र के सैनी भवन के हाल में बैठक हुई थी। बाया कि इस पर फैसला लिया था कि सात दिन तक सभी पेस्टीसाइड दवाइयां की दुकान बंद रखी जाएगी। यदि उसके बाद में सरकार ने हमारी मांग नहीं मानी तो उसके बाद आगामी फैसला लिया जाएगा। विकास ने कहा की अब नए कानून के तहत 50 लाख रुपये जुर्माना और सात साल की सजा का प्रावधान किया है। यह गलत है, जबकि मेनुफेक्चरिंग कंपनी वाले के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए न कि दुकानदार के खिलाफ।बता दें कि हड़ताल के सोमवार को शहर की 150 और पूरे जिले की करीब 300 दुकानें बंद रही। इस मौके पर दिलबाग सिधू, मदनलाल शर्मा, प्रवीण सचदेवा आदि पेस्टीसाइड संचालक मौजूद थे।



नए कानून बनाने के विरोध में नारेबाजी कर रोष जताते पेस्टीसाइड संचालक।

## गांव डाहौला में स्कूल से लौट रहे मासूम की संदिग्ध हालात में मौत

- मकान के निकट ही मुख्य गली में बेसुध मिला था मासूम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

गांव डाहौला में सोमवार दोपहर को स्कूल से लौट रहे मासूम की संदिग्ध हालात के चलते मौत हो गई। आशंका जताई जा रही है कि निजी स्कूल बस से उतरते समय हादसा हुआ है। अलेवा थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव डाहौला निवासी रिंकू का बेटा हर्षित चार गांव के ही निजी स्कूल में नर्सरी का छात्र था। सोमवार को सुबह बस से स्कूल गया था। दोपहर को वह अपने मकान से कुछ दूरी पर गली में बेसुध पड़ा मिला। जिसके चेहरे, सिर तथा टांग पर निशान थे। आसपास के लोगों ने हर्षित को उपचार के लिए नागरिक अस्पताल पहुंचाया। जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पाकर अलेवा थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और हालातों का जायजा लिया। बताया जाता है कि मृतक मासूम ने चार दिन पहले ही स्कूल में जाना शुरू किया था। आशंका जताई जा रही है कि जिस स्कूल बस में हर्षित आया था, उसी दौरान वह बस से उतरते समय यह हादसा हो गया। अलेवा थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। अलेवा थाना के जांच अधिकारी नफे सिंह ने बताया कि अस्पताल से घटना की सूचना मिली है। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद ही घटना का पता चल सकेगा।



## ऑपरेशन आक्रमण के तहत पुलिस ने 29 आरोपितों को किया गिरफ्तार

- दो आरोपितों से तीन अवैध पिस्तौल 32 बोर और 10 कारतूस बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

ऑपरेशन आक्रमण के तहत जिला पुलिस की 51 टीमें बना अलग-अलग मामलों में 29 आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। टीमों ने सुबह छापेमारी कर 26 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने 269.5 बोतल अवैध, 26 बोतल नाजायज शराब व 1642 लीटर लाहण बरामद 27 केस आबकारी अधिनियम के तहत दर्ज किए गए हैं। सीआईए स्टाफ सफीदों ने आरोपित रामदिया उर्फ पूछी उरलाना कलां पानीपत को काबू कर कब्जे से दो पिस्तोल 32 बोर व 10 कारतूस बरामद किए हैं। इसके अलावा जुलाना थाना एरिया से एक आरोपी मुकेश वासी लजवाना को अवैध पिस्तोल 315 बोर सहित काबू किया है। आरोपितों के खिलाफ संबंधित थानों में शस्त्र अधिनियम के तहत मामले दर्ज किए गए हैं।





जनस्वास्थ्य विभाग में अधिकारियों की बैठक लेते भाजपा प्रत्याशी कैप्टन योगेश बैरागी।

### पेयजल किल्लत को दूर करने के लिए 60 करोड़ के विकास कार्यों की मिली मंजूरी : कैप्टन योगेश बैरागी

**जुलाना।** जुलाना कस्बे के जनस्वास्थ्य विभाग कार्यालय में भाजपा प्रश्याशी और भाजयुमो के प्रदेश उपाध्यक्ष कैप्टन योगेश बैरागी ने अधिकारियों की एक बैठक ली। बैठक में कैप्टन ने कहा कस्बे में पेयजल किल्लत को देखते जनस्वास्थ्य विभाग ने जो मसौदे भेजे थे, उन सभी को सरकार की आरे से मंजूरी मिल गई है। लगभग डेढ़ माह में पेयजल और सीवरेज व्यवस्था और पाइप लाइन बिछाने का काम शुरू किया जाएगा। कस्बे में हर घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचेगा। गर्मी आने पर कैप्टन योगेश बैरागी ने कहा कि जहां पर पानी नही पहुंच रहा है वहां पर कोई भी वैकल्पिक प्रबंध किया जाए ताकि लोगों को पेयजल किल्लत से छुटकारा मिल सके। उधर जनस्वास्थ्य विभाग के एसडीओ सतीश नैन ने कहा कि गांवों में लोग पेयजल को व्यर्थ बहाते हैं। सरपंचों से अनुरोध है कि वो भी जनस्वास्थ्य विभाग का सहयोग कर पानी की किल्लत को दूर करने के लिए अभियान चलाएं।

### सात अनाजमंडियों में 40 हजार क्विंटल पहुंचा गेहूं

**जींद।** जिले की सात अनाजमंडियों में गेहूं की आवक लगातार बढ़ रही है। अब तक इन सभी मंडियों में 40 हजार क्विंटल गेहूं की आवक हो चुकी है लेकिन गेहूं में नमी होने के कारण अभी तक खरीद शुरू नहीं हो पाई। इसको लेकर अधिकारी भी किसानों को गेहूं सूखने के बाद मंडी में लाने की अपील कर रहे हैं। अब तक इन सात मंडियों में 632 गेट पास कटे हैं। इसको लेकर अलेवा अनाज मंडी में 1790, जींद में 2310, जुलाना में 5780, नरवाना में 790, पिल्लूखेड़ा में 6550, सफीदों में 19560 व उचाना में 2700 क्विंटल गेहूं की आवक अब तक हुई है। खरीद एजेंसियों के अनुसार मंडी में लाई जा रही गेहूं में 12 प्रतिशत से अधिक नमी होने के कारण खरीद नहीं की जा रही। किसान जल्दबाजी में गेहूं को ज्यादा नमी की मात्रा में कटवा रहे हैं।

## राजेंद्र चावला की हत्या का मुख्य शूटर गिरफ्तार किया

हरभूमि न्यूज ▶▶ सफीदों

सीआईए स्टाफ सफीदों द्वारा एक युवक से 32 बोर की दो नाजायज पिस्तौल व 10 जिंदा रौंद साथ गिरफ्तार किया था। आरोपित की पहचान रामदिया उर्फ पुच्ची निवासी गांव डेरा कालर खेडा (पानीपत) के रूप में हुई।

सदर थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकद्मा दर्ज करके सोमवार को कोर्ट में पेश किया। जहां से पुलिस ने आरोपी को दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है। पुलिस की प्राथमिक पूछताछ में पता चला है कि आरोपी किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने वाला था। मामले के तार सन 2021 की 26 अगस्त को जयपुर में हुए राजेंद्र चावला हत्याकांड से जुड़े हुए हैं। पकड़ा गया आरोपित राजेंद्र चावला की हत्या में मुख्य शूटर था। जोकि मामले में फिलहाल अब भारी हो चुका था। राजेंद्र चावला की हत्याकांड को लेकर पैसे का लेनदेन पूरा नहीं होने पर वह हिसार में किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने वाला था। जिसको घटना से पहले ही गुप्त सूचना के आधार पर सफीदों सीआई स्टाफ ने मुस्तादी दिखाते हुए आरोपी को हथियारों के साथ गिरफ्तार किया।

## खबर संक्षेप

### ट्राला सीएससी सेंटर में घुसा, सामान टूटा

जींद। गांव गढ़ी में बीती रात तेज रफ्तार ट्राला सीएससी सेंटर में जा घुसा। गनीमत यह रही कि रात सीएससी सेंटर में कोई नही था। सेंटर में रखे सामान को जरूर नुकसान पहुंचा है। गढ़ी थाना पुलिस ने सीएससी सेंटर संचालक की शिकायत पर अज्ञात ट्राला चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गांव गढ़ी निवासी बलकार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह मेन रोड पर सीएससी सेंटर चलाता है। रात को तेज रफ्तार ट्राला शटर तोड़ कर सीएससी सेंटर में घुस गया। जिससे सीएससी सेंटर में रखा सामान टूट गया।

### छात्रों को स्वास्थ्य के प्रति किया जागरूक

जींद। आर्य सीनियर सेकेंडरी स्कूल अहिरका में भी हरियाणा नॉलेज कारपोरेशन लिमिटेड द्वारा विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर ई टेस्ट आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता महात्मा गांधी शिक्षा एवं समाज विकास संगठन के अध्यक्ष राज कुमार ने बताया कि विश्व स्वास्थ्य दिवस हर साल सात अप्रैल को मनाया जाता है। इसमें ई टेस्ट के बारे में जानकारी दी स्वास्थ्य से संबंधित वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे गए हैं। इस ई टेस्ट में जितने भी विद्यार्थी हिस्सा लेंगे, सभी को सहभागिता प्रमाण पत्र टेस्ट को सबमिट करने के तुरंत बाद उनके ईमेल पर प्राप्त हो जाएगा।

### न्यूड वीडियो वायरल करने पर एक नामजद

जींद। शहर थाना नरवाना इलाके में नाबालिग लड़की की इंस्टा पर अशील फोटो तथा वीडियो वायरल करने पर पुलिस ने पीड़िता की मां की शिकायत पर एक युवक के खिलाफ आईटी एक्ट समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। शहर थाना नरवाना इलाके की एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि आर्य उपनगर निवासी पारस ने उसकी 15 वर्षीय बेटी को धमकी देकर अशील वीडियो तथा फोटो बना ली। जिसके बाद आरोपित ने उन्हें इंस्टा आईडी पर वायरल कर दिया।

### गोहाना रोड पर एसी आउटडोर चोरी किए

जींद। पुराना बस अड्डा के सामने दुकानदारों में उस समय हडकंप मच गया जब चोर एक साथ एसी के छह से दस आउटडोर उठा कर ले गए। एक साथ छह से दस आउटडोर गायब होने पर दुकानदारों ने रोष जताया और घटना से पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पुराना बस अड्डा के सामने सोमवार को दुकानदार अपनी दुकानें खोलने के लिए पहुंचे। गर्मी अधिक होने के कारण दुकानदारों ने एसी ऑन करने चाहे तो वो ठीक से नही चले। जब दुकानदार ऊपर पहुंचे तो उनके आउटडोर गायब थे।

### पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना लाभदायक

जींद। एडीसी विवेक आर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना तथा प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना नागरिकों के लिए कारगर सिद्ध हो रही है। इन योजनाओं के फार्म प्रत्येक बैंक व डाकघर में उपलब्ध हैं। इन योजनाओं में निर्धारित वार्षिक प्रीमियम जमा करवा कर दो लाख रुपये तक का बीमा होता है। एडीसी विवेक आर्य ने कहा कि केंद्र सरकार ने प्रत्येक बैंक उपभोक्ता को जीवन सुरक्षा बीमा योजना का लाभ देने के लिए स्कीम चलाई हुई हैं। सामाजिक सुरक्षा योजना सामान्य परिवार को मुश्किल की घड़ी में आर्थिक समर्थन देकर मजबूत बनाती है।

### बुखार आने पर तुरंत करवाएं रक्त की जांच

जींद। उपस्वास्थ्य केंद्र रूपगढ़ पर कार्यरत स्वास्थ्य कार्यकर्ता देवीराम कौशिक ने ईंट भट्ठे, हैचरी व गावं कैरखेड़ी में घर-घर जाकर लोगों को मलेरिया, डेंगू बुखार बारे जागरूक किया। इसमें स्वास्थ्यकर्मी ने बुखार के मरीजों की ब्लड स्लाइड बना कर मौके पर उचित उपचार दिया। जगह-जगह नुक्कड़ सभा कर मलेरिया, डेंगू बुखार बारे जागरूक करते बताया कि डेंगू, चिकनगुनिया बुखार मच्छर जनित बीमारी है। जो मच्छरों के काटने से होती हैं। मच्छरों से बचाव के लिए जरूरी है कि मच्छरों के प्रजनन पर रोक लगाने के लिए सप्ताह में एक दिन ड्राई डे सूखा दिवस मनाएं।

## गर्मी बढ़ने के साथ ही स्वास्थ्य को लेकर बढ़ी परेशानी

# पारा पहुंचा 39 डिग्री, डीहाइड्रेशन फूड प्वायजनिंग का बढ़ा खतरा

## बाहर घूमने वालों को विशेष ध्यान रखने की जरूरत

**चिकित्सकों के अनुसार पर्याप्त मात्रा में पिएं पानी, हलका गरम खाएं खाना**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

धीरे-धीरे तापमान में इजाफा हो रहा है और दिन का तापमान 35 डिग्री से पार पहुंच रहा है। ऐसे में गर्मी तथा गरम हवाएं बहने लगी हैं जो आदमी को बीमार करने का कारण बन रही है। आने वाले दिनों में तापमान और बढ़ेगा। जिससे हीट स्ट्रोक का खतरा भी बढ़ेगा। ऐसे में बच्चों, महिलाओं, वृद्धों और कामकाज के सिलसिले में बाहर घूमने वाले लोगों को विशेष ध्यान रखने की जरूरत है। ऐसे में स्वास्थ्य अधिकारियों ने धीरे-धीरे बढ़ रही गर्मी से खुद की संभाल रखने की बात कही है।

सोमवार को अधिकतम तापमान 39 डिग्री, न्यूनतम तापमान 21 डिग्री रहा। जबकि मौसम में आद्रता 31 प्रतिशत और हवा की गति पांच किलोमीटर प्रति घंटा रही। गर्मी बढ़ने के साथ ही डीहाइड्रेशन, फूड प्वायजनिंग, शरीर में ऐंठन, बच्चों में ज्यादा पसीना, चिड़चिड़ापन, लाल त्वचा और थकावट जैसी समस्याएं बनने लगती है। जिससे हीट स्ट्रोक का खतरा भी बढ़ेगा। ऐसे में बच्चों, महिलाओं, वृद्धों और कामकाज के सिलसिले में बाहर घूमने वाले लोगों को विशेष ध्यान रखने की जरूरत है। गर्मी के मौसम में दूषित भोजन या पानी के सेवन के कारण फूड प्वायजनिंग हो सकती है। दिन में बढ़े तापमान के कारण भोजन पर बैक्टीरिया, वायरस, विषाक्त पदार्थ तेजी से पनपने लगते हैं, जो शरीर में प्रवेश करने के बाद पेट दर्द, दस्त या उल्टी जैसी समस्याओं का कारण बनते हैं।

वहीं पानी की कमी से डिहाइड्रेशन की समस्या पनपती है। गर्मियों के दौरान हम पसीने के रूप में शरीर से बहुत सारा पानी खो देते हैं। अगर इसी अनुपात में अगर पानी न पिया जाए तो शरीर में इसकी कमी हो सकता है। इससे कमजोरी, थकान रक्तचाप की समस्याए बुखार जैसी दिक्कतें हो जाती हैं। वहीं गर्मी में पीलिया भी एक गंभीर बीमारी है, जिससे गर्मी के महीनों में सावधान रहने की जरूरत होती है। यह दूषित भोजन या पानी का सेवन करने से हो सकती है। वहीं सूरज की तेज किरण और बढ़ती गर्मी के कारण आंखों से संबंधित समस्याओं बढ़ने लगती हैं।

### ढीले व हल्के रंग के कपड़े पहनें



नागरिक अस्पताल की फिजिशियन डा. विनिता ने बताया कि गर्मी बढने के साथ ही विशेष ध्यान रखने की जरूरत है। सूर्य किरणों से बचने को सनस्क्रीन लगाएं। हमें अपने खाने में ऐसे फल और सब्जियों को शामिल करना चाहिए, जिनमें पानी की मात्रा ज्यादा हो। कैफीन वाले और मादक पेय से दूरी बनाए रखनी चाहिए। धूप के दौरान कपड़ों का चुनाव सही करना चाहिए और ढीले व हल्के रंग के कपड़े पहनें।

### अंखों का रखें विशेष ध्यान



नागरिक अस्पताल की आई सर्जन डा. गितांशु ने बताया कि गर्मी में आंखों की देखभाल के लिए, धूप से बचाव के लिए चश्मा पहनें। आंखों को साफ ठंडे पानी से धोएं, पर्याप्त पानी पिएं और आंखों को आराम दें। गंदे हाथों से आंखों को धोने से बचें। आंखों को स्वस्थ रखने के लिएए हरी सब्जियां, फल, दूध और दही जैसे पोषक तत्वों से भरपूर आहार लें। अगर आंखों में कोई समस्या हो तो तुरंत नेत्र विशेषज्ञ से सलाह लें।

### इस तरह से करें बचाव

पर्याप्त मात्रा में पानी पीएं। समय-समय पर ओआरएस का घोल पीते रहें। साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें। बाहर का खाना खाने से बचें। ज्यादा गरम भोजन न करें। तरल पेय पदार्थों का खूब सेवन करें। धूप में घर से बाहर निकलते समय टोपी, साफा आदि से सिर ढंककर निकलें। महिलाएं गर्भावस्था में बार-बार थोड़ा-थोड़ा खाएं और पानी ज्यादा पिएं। हीट स्ट्रोक से बचने के लिए दोपहर को नंगे सिर बाहर जाने से बचें।

# नशे के खिलाफ की आवाज बुलंद

- शहर में नशे के खिलाफ रैली निकाल आमजन को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद




जींद। नशे के खिलाफ जागरूकता रैली निकालते हुए। फोटो :हरिभूमि

राजकीय महाविद्यालय में सोमवार को नशा उन्मूलन के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डा. सत्यवान मलिक की अध्यक्षता में आयोजित इस रैली का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों एवं आमजन को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराना तथा समाज को नशामुक्त बनाने हेतु प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम के मुख्यअतिथि एसपी पीआरओ अमित खर्ब, रहे। विशिष्ट अतिथियों में मनीषा, ओम प्रकाश चौहान, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जींद के प्रधानाचार्य धर्मराज रहे। रैली के दौरान प्राचार्य सत्यवान मलिक ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि नशा सिर्फ एक व्यक्ति को नही बल्कि पूरे परिवार और समाज को प्रभावित करता है। ऐसे छोटे-छोटे प्रयास बड़े बदलाव का रास्ता बनाते हैं। मुख्यअतिथि अमित खर्ब ने कहा कि नशे के खिलाफ जागरूकता फैलाने के लिए युवाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है और ऐसे आयोजनों से समाज में सकारात्मक संदेश जाता है।




जींद। समाधान शिविर में शिकायतें सुनते एडीसी। फोटो :हरिभूमि

### अब सोमवार-बृहस्पतिवार को लगेगा कैंप

जींद। समाधान शिविर आमजन की समस्याओं के त्वरित और प्रभावी समाधान के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही एक महत्वपूर्ण पहल है। यह सुशासन का सशक्त माध्यम बन चुका है जहाँ नागरिक अपनी शिकायतों और समस्याओं को सीधे अधिकारियों के समक्ष रख सकते हैं और उनका समाधान प्राप्त कर सकते हैं। समाधान शिविर प्रशासनिक व्यवस्था को नागरिकों के लिए और अधिक सुगम बनाने की दिशा में कारगर कदम है। कार्यवाहक उपायुक्त विवेक आर्य ने कहा कि प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार अब समाधान शिविर को सप्ताह में दो दिन सोमवार और बृहस्पतिवार को सुबह 10 से 12 बजे तक आयोजित किया जाएगा। यह बदलाव प्रशासनिक प्रक्रियाओं को अधिक प्रभावी और सुगम बनाने के उद्देश्य से किया गया है। जिला स्तर पर यह शिविर लघु सचिवालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में होगा।

### गेहूं खरीद को लेकर सभी तैयारियां पूरीः जगदीश चंद्र

नरवाना। एसडीएम जगदीश चंद्र ने बताया कि गेहूं खरीद प्रक्रिया को सुचारू रूप से संपन्न करवाने के लिए उपमंडल में सभी तैयारियां मुकम्मल कर ली गई है । किसानों की सुविधा के अनुसार नरवाना में गेहूं खरीद के लिए दो मंडियांए तीन सब यार्ड और 9 गेहूं खरीद केंद्र बनाए गए हैं। उन्होंने बताया कि मेला ग्राउंड मंडी व कपास मंडी नरवाना प्रमुख यार्ड और धमतान साहिबए गढ़ी व धनौरी सब यार्ड तथा बरटा ,बेलरखां, दनौदा कला, फरैण कला खरल, मंगलपुर फुलिया कला सुदकैन खुर्द और उझाना में गेहूं खरीद केंद्र स्थापित किए गए हैं। इसके लिए प्रशासन मंडी एसो तथा मार्केट कमेटी द्वारा सभी आवश्यक प्रबंध किए हैं। एसडीएम ने बताया कि गेहूं खरीद के लिए डीएफसीसी हैफेड तथा हरियाणा वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन विभिन्न तीन एजेंसियों द्वारा गेहूं खरीद का कार्य किया जाएगा।

### हैप्पी कार्ड ऑटोमेटिक रिचार्ज होने शुरू

जींद। एक साल से पहले हजार किलोमीटर तक रोडवेज बसों में मुफ्त सफर करने वाले हैप्पी कार्ड धारकों के लिए राहत भरी खबर है। एक साल पूरा होने के बाद अब हैप्पी कार्ड ऑटोमेटिक रिचार्ज होने शुरू हो गए हैं। इससे वह दोबारा से एक साल तक रोडवेज बसों में एक हजार किलोमीटर तक मुफ्त यात्रा कर सकते हैं। सरकार की ओर से पिछले साल मार्च महीने में हैप्पी कार्ड योजना शुरू की गई थी। जिले में अब तक एक लाख 44 हजार से अधिक हैप्पी कार्ड के आवेदन आ चुके हैं। इनमें से करीब एक लाख दस हजार से अधिक हैप्पी कार्ड लोगों को बांटे जा चुके हैं। हैप्पी कार्ड के जरिये लाभार्थी परिवार रोडवेज बसों में हर साल एक हजार किलोमीटर तक मुफ्त सफर कर सकते हैं। यह कार्ड रोडवेज में परिचालकों की ओर से प्रयोग की जा रही ई टिकटिंग मशीनों से जुड़ा है।




जींद। बंद पड़ी सीड्स व पेस्टीसाइड्स दुकानें। फोटो :हरिभूमि



जींद। जींद बस अड्डा। फोटो :हरिभूमि

### सीड्स, पेस्टीसाइड विक्रेता हड़ताल पर

जींद। हरियाणा सरकार द्वारा लागू सीड्स व पेस्टीसाइड्स एक्ट 2025 के विरोध मे सोमवार को जिलाभर के बीज, पेस्टीसाइड्स निर्माता व विक्रेता हडताल पर रहे। उनके प्रतिष्ठानों पर ताले लटके रहे। जींद शहर में 175 विक्रेता रजिस्टर्ड हैं। जबकि जिले में इनकी संख्या 1200 है। जिले में लगभग 75 हजार हैक्टेयर में कपास की बिजाई होती है। जबकि सब्जियां व अन्य फसलें अलग से बिजी जाती हैं। एसोसिएशन ने साफ कहा कि अब तो एक सप्ताह के लिए हड़ताल की गई है। अगर सरकार ने उनकी मांगे नही मानी तो उनकी हड़ताल अनिश्चितकाल में बदल दिया जाएगा। सीड पेस्टिसाइड एवं खाद्य डीलर ऐसोसिएशन के जिला प्रधान पवन गर्ग ने बताया कि नए कानून का विरोध शुरू से किया जा रहा है। जिसकी खामियों के बारे में भी सरकार को अवगत करा दिया था।

### महायज्ञ में श्रद्धालुओं ने डाली आहूति

जींद। आचार्य पवन शर्मा ने कहा कि भारत की एकता और अखंडता के प्रतीक हैं राम, सनातन धर्म की पहचान हैं राम, चेतना और सजीवता का प्रमाण है राम। राम सिर्फ परमात्मा का नाम ही नहीं बल्कि हिंदुस्तान की पहचान है। दो अक्षरों के संयोग से निर्मित राम प्रत्येक प्राणी के हृदय में प्राण रूप में रमण कर रहा है। आचार्य पवन शर्मा माता वैष्णवी धाम में रामनवमी की रात श्रद्धालुओं के समक्ष नवार्ण महायज्ञ की पूर्णाहुति पर अपने वक्तव्य में कहे। भाजपा नेता डा. राज सैनी, नगर परिषद अध्यक्षा डा. अनुराधा सैनी व गोविंद सैनी ने महायज्ञ में पूर्णाहुति दी। इस पर अवसर पर महायज्ञ के मुख्य यजमान डा. राज सैनी ने मां वैष्णवी के समक्ष जन-जन के कल्याण की कामना की और कहा कि आज हमें अपने भीतर के दानवों का दमन करने के लिए इन महाशक्ति की आराधना करने की परम जरूरत है।



जींद। यज्ञ में आहूति डालते हुए श्रद्धालु। फोटो :हरिभूमि



नरवाना। शिकायतें सुनते हुए एसडीएम। फोटो :हरिभूमि

### उपमंडल स्तरीय समाधान शिविर संपन्न

नरवाना। एसडीएम जगदीश चंद्र की अध्यक्षता में सोमवार को उपमंडल स्तरीय समाधान शिविर संपन्न हुआ। स्थानीय लघु सचिवालय स्थित सभागार में आयोजित इस शिविर में सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे और जनसाधारण की समस्याएं सुनी। एसडीएम जगदीश चंद्र ने बताया कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार प्रदेश के सभी जिला एवं उपमंडल स्तर पर समाधान शिविर लगाए जा रहे हैं इसी कड़ी में सोमवार को नरवाना में भी उपमंडल स्तरीय समाधान शिविर का आयोजन हुआ । उन्होंने बताया कि यह शिविर प्रत्येक कार्य दिवस को प्रातः 10:00 से 12: 00 बजे तक निरंतर आयोजित किए जा रहे हैं। बताया कि समाधान शिविर का उद्देश्य आमजन की शिकायतों एवं समस्याओं का मौके पर समाधान करना हैए ताकि लोगों को सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं का बराबर लाभ मिल सके और समस्याओं के समाधान से जनसाधारण को राहत पहुंचे।




जींद। खादी ग्रामोद्योग का भ्रमण करते हुए छात्राएं। फोटो :हरिभूमि

### छात्राओं ने किया खादी ग्रामोद्योग का भ्रमण

जींद। हिंदू कन्या महाविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग व उद्यमिता विकास सेल के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय औद्योगिक भ्रमण अर्थशास्त्र विभाग की अध्यक्षा प्रियंका साहनी के मार्गदर्शन में खादी इंडिया सरस्वती खादी ग्रामोद्योग संघ के सामान्य सुविधा केंद्र में किया गया। यह केंद्र एमएसएमई भारत सरकार तथा खादी व कमिश्नर खादी व ग्रामीण उद्योग भारत सरकार के तहत रजिस्टर्ड है। इस औद्योगिक भ्रमण का आयोजन महाविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग के द्वारा सरस्वती खादी ग्रामोद्योग संघ जो कि खादी व ग्राम उद्योग तथा एमएसएमई भारत सरकार के तहत रजिस्टर्ड है के साथ किए गए समझौता ज्ञापन के अंतर्गत किया गया। औद्योगिक भ्रमण की टीम को महाविद्यालय की प्राचार्या डा. पूनम मोर व क्रांति के द्वारा हरी झंडी देकर रवाना किया गया।

# पंजाब में आने वाले विधानसभा चुनाव में कमल खिलेगा : कंडेला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



हरियाणा सहकारी श्रम व निर्माण प्रसंग के पूर्व चेयरमैन व भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता टेकराम कंडेला ने कहा है कि पंजाब में आने वाले विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी। कंडेला ने आम आदमी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि भगवत मान ने किसानों को कोई सुविधा नही दी है। किसान पूरी तरह से परेशान हैं। किसानों को पंजाब में लाभकारी भाव नहीं मिल रहे हैं। जिस तरह दिल्ली प्रदेश में आम आदमी पार्टी का सफाया हुआ। इसी प्रकार पंजाब में भी आम आदमी पार्टी का सफाया हो जाएगा। कंडेला ने कांग्रेस पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी परिवारवाद व भ्रष्टाचार से गिरी हुई है और लोग इनके बहकावे में आने वाले नही हैं। आने वाले समय में कांग्रेस पार्टी भी खत्म हो जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सैनी की बढ़ती लोकप्रियता से सभी राजनीतिक दलों में खलबली मची हुई है और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अनेक प्रकार की सुविधा देकर किसान हित में और देश हित में काम किया है। कंडेला ने कहा कि 14 अप्रैल को महाराजा अग्रसेन हवाई अड्डे का व यमुनानगर बिजली थर्मल प्लांट हरियाणा को दो बड़ी सौगात देंगे। जिससे हरियाणा के लोगों में कुशी नजर आ रही है। प्रधानमंत्री के प्रोग्राम में हिसार में भारी संख्या में लोग पहुंचेंगे। कांग्रेस पार्टी के लोकसभा मेंबर हिसार एयरपोर्ट के बारे में जो लोगों को भ्रमित कर रहे थे, जो इस्तीफा देने की बात कर रहे थे अब उन्हें अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए।




जींद। कार्यक्रम में भाग लेते बच्चे। फोटो :हरिभूमि

### विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया

जींद। आधारशिला विद्यालय में विश्व स्वास्थ्य संगठन की वर्षगांठ के उपलक्ष में विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया गया। उन्होंने दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम की शुरूआत की। इस दौरान विद्यार्थियों ने स्कीट, भाषण, कविता व अन्य गतिविधियों द्वारा स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। विज्ञान अध्यापिका सपना शर्मा ने 2025 में विश्व स्वास्थ्य दिवस का विषय स्वस्थ शुरूआत आशापूर्ण भविष्य को विस्तार पूर्वक समझाया। उन्होंने विद्यार्थियों से विभिन्न प्रकार की बीमारियों एवं उनके इलाज के संबंध में प्रश्न पूछे। जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में अपने संबोधन के दौरान निदेशिका अंजू सिहाग ने बताया कि स्वास्थ्य केवल व्यक्तिगत जिम्मेदारी न हो कर एक सामूहिक प्रयास है।




जींद। कार्यक्रम में भाग लेते स्वास्थ्य अधिकारी व बच्चे। फोटो :हरिभूमि

### नागरिक अस्पताल में स्वास्थ्य दिवस मनाया

जींद। नागरिक अस्पताल में सीएमओ के दिशा-निर्देशन में विश्व स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष में स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यवाहक सीएमओ डा. पालेराम कटारिया, डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला, एमएस डा. अरविंद, फिजिशियन डा. विनिता, डिप्टी सीएमओ डा. रमेश पांचाल मौजूद रहे। कार्यक्रम में छात्राओं ने नाटक के माध्यम से स्वास्थ्य रहने की प्रेरणा दी। डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने कहा कि जीवन अनमोल है, हमें अपने स्वास्थ्य का निरंतर ध्यान रखते हुए आगे बढ़ना है। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है। शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहते हुए ही हम एक स्वस्थ समाज का निर्माण कर सकते हैं। विश्व स्वास्थ्य दिवस हर साल सात अप्रैल को मनाया जाता है। यह एक वैश्विक स्वास्थ्य जागरूकता दिवस है जिसे विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा मनाया जाता है।

## 75% सब्सिडी पर मिलेगा कनेक्शन, अंतिम तिथि 21 अप्रैल

# सोलर कनेक्शन के लिए आज से होंगे आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सोलर कनेक्शन (सौर ऊजा सबमर्सिबल कनेक्शन) का इंतजार कर रहे किसानों के लिए अच्छी खबर है। कनेक्शन के लिए ऑनलाइन आवेदन आठ अप्रैल मंगलवार से शुरू होने जा रहे हैं और 21 अप्रैल तक आवेदन किए जा सकेंगे। जिन किसानों ने पहले ऑनलाइन आवेदन किया हुआ है, उन्हें दोबारा से आवेदन करने की कोई जरूरत नहीं है। वह केवल पुराने चालान के आधार पर राशि जमा करवा सकते हैं।

किसानों को परिवार पहचान पत्र के अनुसार वार्षिक आय और जमीन के आधार पर लाभार्थियों को सूचीबद्ध किया जाएगा। किसान आठ अप्रैल से सरल हरियाणा की



वेबसाइट के माध्यम से अपनी जरूरत के मुताबिक सोलर पंप की क्षमता और प्रकार का चुनाव कर सकते हैं। किसानों को तीन हॉर्स पॉवर से लेकर 10 हॉर्स पॉवर तक के कनेक्शन 75 प्रतिशत सबसिडी पर मिलेंगी। जिन किसानों ने पहले बिजली कनेक्शन के लिए अप्लाई किया हुआ है, वे अगर अब सोलर कनेक्शन के लिए अप्लाई करते हैं तो उन्हें कनेक्शन देने में प्राथमिकता दी जाएगी। इसके लिए उन्हें अपना बिजली कनेक्शन का आवेदन सरेंडर करना होगा। किसानों द्वारा ऑनलाइन आवेदन करने के बाद लाभार्थियों की परिवार पहचान पत्र में दर्ज वार्षिक आय और किसान के पास जमीन कितनी है। उसके आधार पर सीनियरिटी लिस्ट बनेगी। लिस्ट में चयनित होने के बाद किसान को प्ड कुसुम पोर्टल पर सरकार द्वारा सूचीबद्ध की गई।

### ये हैं जरूरी दस्तावेज

परिवार पहचान पत्र, आवेदक के परिवार के नाम पर कोई सोलर कनेक्शन न हो, आवेदक के पास बिजली आधारित पंप न हो, आवेदक के नाम पर कृषि भूमि की जमाबंदी/फर्द हो। हरियाणा जल संसाधन प्राधिकरण के सर्वेक्षण के अनुसार उन गांवों में जहां भूजल 100 फीट से नीचे जा चुका है, वहां सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली की स्थापना अनिवार्य है। अन्य के लिए भूमिगत पाइप लाइन सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली लगाना अनिवार्य होगा। धान उगाने वाले किसान, जिनके क्षेत्र में भूजल स्तर 40 फीट से नीचे जा चुका है, वहां किसान योजना के पात्र नहीं होंगे।

खबर संक्षेप



## गीता हाई स्कूल में नए शैक्षिणक सत्र का शुभारंभ

**कैथल** । गीता हाई स्कूल पट्टी अफगान में 2025-2026 सत्र का शुभारंभ हवन करके किया। प्रिंसीपल कुलदीप पुनिया, प्रबंधक निदेशक राजकला पुनिया, सचिव अनिल संधु, वाइस प्रिंसिपल निर्मल देवी ने हवन में आहुतियां दी।अवसर पर सभी बच्चों,स्टाफ सदस्यों ने भी हवन में आहुतियां दी। राजकला पुनिया ने नशा मुक्ति पर प्रकाश डाला। अनिल संधु ने हवन के फायदों से अवगत कराया। निर्मल देवी ने बच्चों को शिक्षा व स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। संधु, राजकला पुनिया, निर्मल देवी, सुरजीत कौर , कमलेश मौजूद रहे।

## छात्रों का प्रवेश सरकारी स्कूलों में करवाएं : सैनी

**सीवन**। सीवन के पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में सीवन नगर पालिका अध्यक्ष हेमलता सैनी व सभी पार्षदों ने प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में शिरकत की। प्रधानाचार्य धर्मपाल सहारण ने सभी का फूल मालाओं से स्वागत किया। उन्होंने कहा कि सरकारी विद्यालयों में अधिक से अधिक दाखिले हो इसके लिए वह प्रयास कर रहे हैं। विद्यालयों में सरकार द्वारा शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए जो नीतियां अपनाई गई है व सरकारी विद्यालय में पढ़ने वाले छात्रों को जो सुविधा दी गए है।

## विद्यार्थियों की प्री विवि परीक्षाएं शुरू

**राजौंद**। किठाना कॉलेज ऑफ एजुकेशन में बी एड पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों की प्री.यूनिवर्सिटी परीक्षाओं का शुभारंभ हुआ। कॉलेज की प्राचार्या डा निर्मल सिंहरोहा ने यह परीक्षा न केवल शैक्षणिक ज्ञान का मूल्यांकन है बल्कि यह विद्यार्थी के शिक्षण अभ्यास व समग्र विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।परीक्षा से पहले विभागाध्यक्ष डॉ जगजीत सिंह ने विद्यार्थियों को बताया कि परीक्षाएं छात्रों के लिए न केवल अभ्यास का अवसर होती है बल्कि यह मानसिक रूप से उन्हें अंतिम परीक्षा के लिए तैयार करती है।

## सोलर वाटर पंप के लिए 21 तक करें आवेदन

**कैथल**। एडीसी दीपक बाबू लाल करवा ने बताया की प्रधानमंत्री किसान उर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान के तहत नवीन एवं नवीकरणीय उर्जा विभाग, हरियाणा, पंचकुला द्वारा आठ अप्रैल से 21 अप्रैल तक तीन एचपी सरफेस (मोनोब्लोक), 7.5 एचपी (सबमर्सिबल) व 10 एचपी (सबमर्सिबल) क्षमता के सोलर वाटर पंप के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि पुराने सभी आवेदकों को (20 फरवरी 2024 से 5 मार्च 2024 एवं 11 जुलाई 2024 से 25 जुलाई 2024) तक के आवेदकों को छोड़कर, जिन्होंने अपना लाभार्थी हिस्सा नहीं जमा करवाया है, सभी को नए सिरे से आवेदन करना होगा। जिन आवेदकों ने (20 फरवरी 2024 से 5 मार्च 2024 एवं 11 जुलाई 2024 से 25 जुलाई 2024) तक आवेदन किया था, दोबारा करने की जरुरत नहीं है।

### पूर्व विधायक ने किया अमरगढ़ गामड़ी में कैंटीन का उद्घाटन

# सीएम नायब सिंह सैनी की अगुवाई में प्रदेश तरक्की कर रहा: लीला राम

- कैंटीन के खुलने से श्रमिकों को काफी लाभ पहुंचेगा तथा सिर्फ 10 रुपये में अच्छा खाना खा सकेंगे

हरिभूम न्यूज ▶▶| कैथल



कैथल। कैंटीन उद्घाटन पर पहुंचे पूर्व विधायक लीला राम का स्वागत करते सदस्य।

भारतीय जनता पार्टी की जिला अध्यक्ष ज्योति सैनी एवं पूर्व विधायक भाई लीला राम ने हरियाणा भवन एवं सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा श्रमिकों के सहायतार्थ अमरगढ़ गामड़ी में अंत्योदय आहार योजना के तहत कैंटीन की शुरूआत की है। इस कैंटीन के माध्यम से श्रमिकों को केवल 10 रुपये में थाली उपलब्ध करवाई जाएगी। कैंटीन के खुलने से श्रमिकों को काफी लाभ पहुंचेगा तथा वह सिर्फ 10 रुपये में अच्छा खाना खा सकेंगे। इस कैंटीन से आस-पास की दर्जन भर से अधिक औद्योगिक इकाईयों के श्रमिकों को बड़ा लाभ मिलेगा। कैंटीन के शुभारंभ अवसर पर जिलाध्यक्ष ज्योति सैनी ने कहा कि प्रदेश सरकार हर वर्ग के कल्याण की दिशा में काम कर रही है। इसी दिशा में श्रमिकों के लिए यह बड़ी राहत है। जहां वे महज दस रुपये में भरपेट भोजन कर सकेंगे।

पूर्व विधायक लीला राम ने कहा कि सरकार की सोच है कि हर व्यक्ति तक खाना पहुंचे और पीने के लिए पानी। सरकार द्वारा कई जगह ऐसी कैंटीनें खोली जा रही है ताकि जरूरतमंद व्यक्ति को सस्ती दर पर खाना उपलब्ध हो। इससे पहले अनाज मंडी व नए रेलवे स्टेशन के निकट भी कैंटीन चल रही है। इनसे आम गरीब मजदूर को बड़ी राहत मिलेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अगुवाई में देश-प्रदेश लगातार तरक्की कर रहा है। उन्होंने श्रमिक वर्ग का आह्वान किया कि सरकार की इन योजनाओं का लाभ उठाएं।

हरियाणा भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड की सहायक कल्याण अधिकारी ऊषा अरोड़ा ने बताया कि बोर्ड द्वारा श्रमिकों के सहायतार्थ कैंटीन की शुरूआत की है। इससे पहले भी दो कैंटीन जिला में चलाई जा रही है। कैंटीन खुलने से आसपास के श्रमिकों को काफी लाभ होगा। कैंटीन के माध्यम से श्रमिकों को अच्छा खाना उपलब्ध होगा। इस अवसर पर इस कैंटीन को चलाने वाली स्वयं सहायता समूह की प्रधान गीता व सचिव सीमा सहित



पूंडरी। बैठक में भाग लेते डीलर व दुकानदार।

# एक सप्ताह तक दुकानें बंद रखने की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

पेस्टिसाइड मार्केट में पेस्टिसाइड, सीड्स एवं फर्टिलाइजर एसो की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में पूंडरी व इसके आसपास के गांवों से आए डीलरों व दुकानदार भाइयों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

बैठक का मुख्य उद्देश्य सीड एक्ट 2025 का विरोध और आने वाले कदमों पर चर्चा करना था। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि सभी दुकानदार सीड एक्ट 2025 के विरोध में अपनी दुकानें एक सप्ताह तक बंद रखेंगे। डीलर भाइयों का कहना है कि सीड एक्ट 2025 में कुछ ऐसे प्रावधान जोड़े गए हैं, जो छोटे दुकानदारों और डीलरों के हितों के खिलाफ हैं। इसमें कड़े लाइसेंस नियम, बीजों के स्टोरेज व बिक्री पर कठोर निगरानी, और भारी जुर्माने जैसे प्रावधान शामिल हैं। दुकानदारों का मानना है कि इससे न केवल उनकी आजीविका प्रभावित होगी।



कैथल। प्रदीप हरित को नियुक्ति पत्र सौंपते हुए प्रधान संदीप शर्मा।

## प्रदीप बने जिला बार एसो.के मीडिया कोआर्डिनेटर

**कैथल**। एडवोकेट प्रदीप हरित को तीसरी बार जिला बार एसोसिएशन का मीडिया कोआर्डिनेटर नियुक्त किया गया है। इससे पहले वर्ष 2022 और वर्ष 2023 में वे जिला बार एसोसिएशन के मीडिया कोऑर्डिनेटर रह चुके हैं। बार एसोसिएशन के प्रधान संदीप शर्मा ने आज बार रूम स्थित अपने कार्यालय में उन्हें नियुक्ति पत्र सौंपा। संदीप शर्मा ने कहा कि प्रदीप हरित की सेवा और समर्पण को देखते हुए उन्हें तीसरी बार बार एसोसिएशन का मीडिया कोआर्डिनेटर नियुक्त किया गया है। वे वर्ष 2006 से प्रेक्टिस में हैं। एसोसिएशन के प्रधान व कार्यकारिणी का धन्यवाद करते हुए हरित ने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंप गई है उसे वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाएंगे। वे पहले की तरह मीडिया कोऑर्डिनेटर का दायित्व निभाएंगे। हरित की नियुक्ति पर वकीलों ने उन्हें बधाई दी है। इस अवसर पर बार एसोसिएशन के उप प्रधान हेमराज वधवा, सचि सचिन सिंघल, सह सचिव अमित रोहिला और कोषाध्यक्ष दिनेश भाटिया भी उपस्थित थे।

किसानों को परेशान करना उचित नहीं

# यदि दुकानदार सही बीज व दवा बेच रहा है तो डर कैसा: मलिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद



कैथल। बैठक के दौरान मौजूद दुकानदार।

हरियाणा में पेस्टीसाइड और बीज वालों की चल रही हड़ताल को बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें किसान मजदूर कमेरा वर्ग यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष महावीर चहल नरड़ ने हड़ताल को किसान विरोधी बनाया। उन्होंने कहा कि इन्होंने कुरूक्षेत्र में सभा बुलाकर 7 दिन कुछ भी बेचने की हड़ताल कर दी। इसका सीधा नुकसान किसानों को है क्योंकि सरसों वाले खेत में किसानों को अब मूंग या ज्वार की फसल उगानी है अगर बीज ही नहीं मिलेगा तो किसान कैसे फसल की बुआई करेगा। ऐसा निर्णय लेना बिल्कुल गलत है। युवा प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र मागो माजरी ने कहा कि लड़ाई सरकार से करो। लेकिन इस तरह किसानों को परेशान करना उचित नहीं है। यूनियन के जिला अध्यक्ष बलकार मलिक खुराना ने कहा कि अगर कोई दुकानदार गलत बीज बेच ही नहीं रहा तो उनको इस कानून का कैसा डर लेकिन हर साल किसानों को नकली बीज और दवाओं का सामना करना पड़ता है।



कैथल। मोटीवेशनल लेक्चर्स और वैचारिक संगोष्ठी के दौरान नारायण सेवा संस्थान।

## नशा करना परिवार और समाज के लिए घातक : गर्ग

**कैथल**। नारायण सेवा संस्थान शाखा कैथल, दया गुप्ता मानव मन्दिर के माध्यम से समाज कल्याण की विभिन्न गतिविधियों द्वारा दिव्यांग और आर्थिक रूप से असहाय वर्ग के उत्थान का सशक्त प्रयास किया कर रही है। शाखा संयोजक डा विवेक गर्ग के नेतृत्व में दिव्यांग जनों के लिए कृत्रिम अंग निर्माण एवम वितरण सुविधा, फिजियोथेरपी केन्द्र, कंप्यूटर प्रशिक्षण केन्द्र, सिलाई प्रशिक्षण केन्द्र और मोबाइल रिपेयर प्रशिक्षण केन्द्र के द्वारा स्वास्थ्य, शैक्षणिक और रोजगार संबंधित सेवा कार्य सुचारु रूप से चलाये जा रहे है। इन विद्यार्थियों को सक्षम और जागरूक नागरिक बनाने हेतु शाखा कैथल द्वारा मोटीवेशनल लेक्चर्स और वैचारिक संगोष्ठी की एक श्रृंखला का सूत्रपात किया गया जिसमें प्रत्येक सप्ताह को एक विषय के विशेषज्ञ द्वारा विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया जाएगा। इस अवसर पर कंप्यूटर प्रशिक्षक आशीष, सिलाई प्रशिक्षक पूनम, मोबाइल रिपेयर प्रशिक्षक, एवं केन्द्र प्रमुख पंकज शर्मा ने सुचारु रूप से इस गतिविधि को अंजाम दिया।

मुकेश अग्रवाल की अध्यक्षता में कार्यालय में बैठक

# रेडक्रॉस का मकसद मानव पीड़ा को कम करना, शांति का माहौल बनाना

हरिभूम न्यूज ▶▶| कैथल



कैथल। डा. मुकेश अग्रवाल नशे से दूर रहने की शपथ दिलाते हुए

भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी राज्य शाखा हरियाणा के महासचिव डॉ. मुकेश अग्रवाल की अध्यक्षता में रेडक्रॉस कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया। रेडक्रॉस सचिव रामजी लाल ने सोसायटी द्वारा किए जा रहे जन कल्याण के कार्यों बारे पूर्ण जानकारी प्रदान की।

महासचिव डॉ. मुकेश अग्रवाल ने प्राथमिक चिकित्सा ग्रहण कर रहे विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि रेडक्रॉस एक स्वैच्छिक मानवतावादी संगठन है। यह आपदाओं और आपातकाल में लोगों की मदद करता है। रेडक्रॉस का मकसद मानव पीड़ा को कम करना और शान्ति माहौल बनाना है।कहा कि छात्रों को नशे से दूर रहने की शपथ दिलवाई एवं अंगदान बारे विस्तृत रूप में जानकारी दी। उन्होंने अवगत करवाया कि जिला रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा विभिन्न प्रकार के जन कल्याण के कार्य किए जाते है।

# प्रो. राजबीर सिंह ने संभाला वीसी का कार्यभार

- हम सभी मिलकर विश्वविद्यालय को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए कार्य करेंगे : कुलपति

हरिभूम न्यूज ▶▶| कैथल



कैथल। प्रो. राजबीर सिंह कुलपति का कार्यभार संभालते।

महर्षि वाल्मीकि संस्कृत विवि, कैथल के नए कुलपति के रूप में महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने कार्यभार संभाल लिया है। पूर्व कुलपति प्रो. रमेश भारद्वाज का कार्यकाल समाप्त होने के बाद से ये पद अभी तक रिक्त था। हरियाणा राजभवन द्वारा 5 अप्रैल 2025 को जारी अधिसूचना के अनुसार प्रो. राजबीर सिंह को महर्षि वाल्मीकि संस्कृत विश्वविद्यालय, कैथल के कुलपति के रूप में नियुक्त किया है। 7 अप्रैल 2025 को विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. संजय गोयल, अधिष्ठाता शैक्षणिक प्रो. सत्य प्रकाश दुबे, परीक्षा नियंत्रक प्रो. भाग सिंह बोदला, संकाय अधिष्ठाता डॉ. जगत नारायण सहित विभागाध्यक्षों एवं प्राध्यापकों की उपस्थिति में प्रो. राजबीर सिंह ने औपचारिक रूप से विश्वविद्यालय के कुलपति का कार्यभार ग्रहण किया। प्राध्यापकों को संबोधित करते हुए प्रो. राजबीर सिंह ने कहा कि /"महर्षि वाल्मीकि संस्कृत विश्वविद्यालय का कुलपति बनना मेरे लिए गर्व की बात है। इस विश्वविद्यालय की समृद्ध परंपरा और संस्कृत शिक्षा के प्रचार-प्रसार में योगदान करने का अवसर पाकर मैं सम्मानित महसूस कर रहा हूं। हम सभी मिलकर विश्वविद्यालय को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए कार्य करेंगे।



कैथल। जिला प्रशिक्षण संस्थान कैथल से डा. राजकुमार अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते ।

## प्रवेश उत्सव कार्यक्रम के तहत क्लस्टर की मीटिंग

**कैथल** । क्लस्टर लेवल पर राजकीय आदर्श संस्कृति वमावि पूंडरी में प्रवेश उत्सव कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशिक्षण संस्थान कैथल से डा. राजकुमार ने मीटिंग ली। मीटिंग की अध्यक्षता डा. गिरधारी लाल शर्मा ने की। प्रधानाचार्य क्लस्टर के सभी प्रधानाचार्य का अभिनंदन किया। डॉ. राजकुमार ने बताया कि प्रवेश उत्सव कार्यक्रम के तहत हम विभिन्न सामाजिक संगठनों, ग्राम पंचायत और विद्यालय प्रबंधन समिति के सहयोग से विद्यालय की सुविधाओं का विद्यालय की विशेषताओं का प्रचार प्रसार करें और उन्होंने यह भी बताया कि प्रवेश उत्सव की योजना अपनी टीम के साथ मिलकर तैयार करें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक गांव या वार्ड में घर-घर जाकर ड्राप आउट बच्चों के आंकड़े एकत्रित करें । इसके लिए आंगनवाड़ी रजिस्टर , जन्म मृत्यु रजिस्टर, वीईआर आदि से आंकड़े लिए जाएं ताकि किसी भी प्रकार से कोई भी विद्यार्थी छूट न पाए।

किठाना स्कूल में नए सत्र का शुभारंभ

# छात्रों ने आहुति देकर ज्ञान और शांति-सफलता की कामना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद



कैथल। हवन यज्ञ के दौरान मौजूद विद्यार्थी व स्टाफ।

किठाना पब्लिक स्कूल किठाना में नए शैक्षणिक सत्र की शुरूआत हवन यज्ञ के साथ की। इसमें विद्यार्थियों, शिक्षकों ने हवन यज्ञ में आहुति डाली। इस आयोजन का उद्देश्य नये सत्र की शुभ शुरूआत करना, छात्रों के मन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करना तथा उन्हें सांस्कृतिक मूल्यों से जोड़ना था। विद्वान पुरोहितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हवन की शुरूआत जिसमें छात्रों ने विधिवत आहुति देकर ज्ञान शांति सफलता और सद्भावना की कामना की। मंत्रों की पवित्र ध्वनि और यज्ञ की अग्नि ने समस्त विद्यालय परिसर को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। प्रधानाचार्या डॉ सुमन ढांडा ने नए सत्र की शुभकामनाएं दीं और इस आयोजन के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि हवन एक प्राचीन भारतीय परंपरा है जो केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं बल्कि हमारी आत्मा और सोच को शुद्ध करने का माध्यम है। चेयरमैन रामफल ढांडा भी शामिल रहे ।

नियमों के उल्लंघन पर कार्रवाई

# बस की छत पर बैठाकर सवारियों को यात्रा न करवाएं : प्रमेश सिंह

हरिभूमि न्यूज. गुहला-चीका



- यातायात का नियमों का पालन करें

एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह ने कहा कि निजी वाहन संचालक बसों की छत के ऊपर सवारियों की यात्रा न करवाएं। यातायात सुरक्षा वाहन पोलिसी की सभी हिदायतों की पालना दृढ़ता से की जाए। यदि कोई निजी वाहन संचालक नियमों का उल्लंघन करेगा तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह ने कहा कि यदि कोई निजी वाहन संचालक ऐसी लापरवाही बरतेगा तो उनकी बसों को तुरंत प्रभाव से इम्पाउंड किया जाएगा। जीवन बहुमूल्य है और हमें यातायात के नियमों में कोई भी लापरवाही नहीं बरतनी चाहिए। उन्होंने आमजन तथा विशेषकर युवाओं व विद्यार्थियों का आह्वान भी किया कि वे बसों की छत्तों के ऊपर बैठकर यात्रा न करें। ऐसे करने से दुर्घटना घटने की संभावना बढ़ जाती है और यातायात नियमों का उल्लंघन भी होता है।

कार्यक्रम | स्वस्थ तन, सजग मन : विश्व स्वास्थ्य दिवस पर रंग-बिरंगे स्वाद और स्वास्थ्य का संगम

# विद्यार्थियों ने स्वादिष्ट और स्वास्थ्यवर्धक व्यंजन बनाकर कला का प्रदर्शन किया

हरिभूम न्यूज ▶▶| कैथल



कैथल। प्रधानाचार्या अंजु तलवाड़ प्रदर्शनी को निहारते। फोटो :हरिभूमि

ओएसडीएवी पब्लिक स्कूल कैथल में 7 अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य दिवस का आयोजन उत्साह और उमंग के साथ किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना और संतुलित आहार के महत्व को समझाना था। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः हवन के साथ हुआ, जिससे वातावरण में शुद्धता, सकारात्मकता और आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हुआ। प्राथमिक कक्षाओं के नन्हें विद्यार्थियों ने रंग-बिरंगे फलों और सब्जियों से भरी हुई बनाकर अपनी रचनात्मकता प्रदर्शित की। उन्होंने भोजन के रंगों के आधार पर उनके पोषण तत्वों की जानकारी भी दी। कक्षा तीसरी-चौथी के छात्रों ने इस गतिविधि को आगे बढ़ाते अपनी थाली को सुंदरता और संतुलन से सजाया, साथ ही योग, ध्यान एवं कविता पाठ जैसी गतिविधियों में भी भाग लिया। कक्षा पांचवीं-छठी के छात्रों ने कविताएं, विज्ञापन व संवाद प्रस्तुत किए। साथ ही, पोहा, फ्रूट क्रीम, न्यूट्रीशियस डाइट चाट, झालमुड़ी जैसे स्वादिष्ट और स्वास्थ्यवर्धक व्यंजन बनाकर अपनी पाक कला का प्रदर्शन किया। कक्षा सातवीं-आठवीं के विद्यार्थियों ने योग अभ्यास व मेडिटेशन के द्वारा स्वस्थ जीवन के महत्व के बारे में जाना। कक्षा नौवीं-दसवीं के विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार की सलाद निर्माण गतिविधि में भाग लिया। विद्यार्थियों ने स्प्राउट्स मेकिंग, मैक्सिकन सलाद, क्विनोआ सलाद, ग्रिल्ड सलाद, गार्डन चिकपी सलाद आदि तैयार किए गए। इसके साथ ही, उन्होंने स्वस्थ आहार विषय पर पीपीटी, नाट्य प्रस्तुति और स्लोगन के माध्यम से संदेश भी दिए।

# हेलमेट सुरक्षा कवच : सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ढांड



कैथल। वाहन चालकों को हेलमेट वितरित करते अधिकारी

बाबू अनन्त राम जनता कालेज, कौल में प्राचार्य डॉ. ऋषिपाल के कुशल मार्गदर्शन में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया । इसका उद्देश्य सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देना तथा दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने के महत्व के प्रति जागरूक करना था। यह कार्यक्रम रोड सेफ्टी क्लब, वाणिज्य विभाग, महिला प्रकोष्ठ, युवा रेड क्रॉस क्लब तथा एनएसएस के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. प्रेरणा, डॉ. मुकेश चहल, डॉ. मिनाक्षी एवं डॉ. सोनिया रानी रहीं। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं तथा संकाय सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने का संकल्प लिया। डॉ. प्रेरणा ने अपने वक्तव्य में हेलमेट की उपयोगिता एवं सड़क दुर्घटनाओं में इसकी भूमिका पर प्रकाश डाला। बताया कि वर्ष 2022 में देशभर में कुल 50,029 लोग हेलमेट न पहनने के कारण सड़क दुर्घटनाओं में अपनी जान गंवा बैठे है।

## खबर संक्षेप

### अवैध कॉलोनी के विकास पर प्रशासन की सख्ती

**जींद** उचाना शहर में बिना आवश्यक स्वीकृति के अवैध रूप से कॉलोनी विकसित किए जाने का मामला सामने आया है। जिला नगर योजनाकार अंजू ने बताया कि बिना लाइसेंस, सीएलयू या विभागीय एनओसी के किसी भी कॉलोनी का विकास गैरकानूनी है और इस पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान यह पाया गया कि रवेन्यू एस्टेट पहलवान के खसरा नंबरों 55//7, 8, 9, 10/1, 11/1/1, 12, 13, 14 में अवैध निर्माण कार्य किया जा रहा है।

### बकाया कर पर ब्याज और जुर्माने में दी जाएगी छूट

**जींद** उप आबकारी एवं कराधान आयुक्त बिक्री कर सार्थक कोहली ने बताया कि हरियाणा सरकार ने 23 मार्च को ओटीएस (एकमुश्त निपटान योजना) 2025 को लागू किया है। इस योजना के तहत व्यापारियों को उनके वैट बकाया कर पर ब्याज और जुर्माने से राहत दी जाएगी। जिन व्यापारियों का बकाया कर एक लाख रुपये से कम है, उन्हें पूरी छूट दी जाएगी। वहीं एक लाख रुपये से दस लाख रुपये तक के बकाया कर पर साठ प्रतिशत की छूट प्रदान की जाएगी।

### फोटोग्राफी कार्यशाला का आयोजन

**कलायत।** पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कमालपुर में यंग एडिटर क्लब की ओर से एक विशेष फोटोग्राफी कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों को इस रचनात्मक कला के विभिन्न आयामों से परिचित कराया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में फोटोग्राफी के प्रति रुचि जागृत करना और उन्हें इस क्षेत्र में तकनीकी कौशल से लैस करना था। कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में प्रख्यात म्यूजिक एल्बम निमार्ता और अनुभवी फोटोग्राफर जयपाल शर्मा ने शिरकत की।

### साफ-सुथरा रखने में कोताही न बरतें अधिकारी

**कैथल।** डीसी प्रीति ने कहा कि शहरों में साफ-सफाई के लिए अधिकारी कोताही न बरतें। स्वच्छ भारत मिशन में इस बार सभी शहरों की रैंकिंग में सुधार होना चाहिए। बरसात से पहले सभी नालों की साफ-सफाई सुनिश्चित की जाए। जहां से नाले टूटे हुए हैं, उनकी अभी से मुरम्मत करवाना सुनिश्चित करें। साथ ही सभी शहरों में निकाय की जमीन के लिए अधिकारी निशानदेही करवाना सुनिश्चित करें। डीसी प्रीति सोमवार को नगर परिषद कैथल सहित जिले की सभी नपा के अधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रहीं थीं।

---

### कर्मचारियों की मांगों व समस्याओ को लेकरनगर परिषद कैथल मे गेट मीटिंग

# 152 कच्चे सफाई कर्मचारी 3 माह से वेतन न मिलने के कारण भूखे मरने के कगार पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



मांगों को लेकर रोष जताते नपा कर्मचारी

नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा सम्बद्ध सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा की ब्लॉक कमेटी कैथल ने कर्मचारियों की मांगों व समस्याओं को लेकर नगर परिषद कैथल मे सुबह 11 से 1 बजे तक गेट मीटिंग की तथा नगर परिषद प्रसाशन व राज्य सरकार के विरोध मे जोरदार नारेबाजी की। बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक प्रधान महेंद्र कुमार बिड़लान ने की संचालन ब्लॉक सचिव विक्की टाँक ने किया गेट मीटिंग मे बलोक के सभी पद अधिकारी दरोगा व भारी संख्या मे कच्चे सफाई कर्मचारी शामिल हुए गेट मीटिंग मे कर्मचारियों को सम्बोधित करते हुए ब्लॉक प्रधान महेंद्र बिड़लान, सचिव विक्की टाँक, वरिष्ठ उपप्रधान राज कुमार मंचल, कैशियर जगदीश कुमार, उपप्रधान पंकज गिल, सूखा नौच, अमित कुमार, संगठनकर्ता सुमेश राणा व सहसचिव शीशपाल ने कहा कि नगर परिषद कैथल मे कार्यरत 152 सफाई कर्मचारियों को 3-महीने का बकाया वेतन देने सरकारी परिपत्र के अनुसार ईएसआई व ईपीएफ का उनके वेतन मे से कटा गया पैसा इनके खाते मे जमा करने हर महीने वेतन का भुगतान करने आदि कर्मचारियों की लम्बित मांगों को लेकर कार्यकारी अधिकारी व जिला पालिका आयुक्त कार्यालय पर पहले भी गेट मिटिंग करके ज्ञापन दिया गया था।

ये कर्मचारी जिला अपायुक को भी अपनी मांगों व समस्याओं बारे मिल चुके हैं सभी ने जल्द वेतन देने व अन्य मांगों के समाधान का ठोस आश्वासन दिया था लेकिन अभी तक वेतन का भुगतान नही किया गया ओर ठेकेदार प्रशासन की मिलीभगत से कर्मचारियों का उत्पीड़न व शोषण कर रहा है व नौकरी से बाहर करने की धमकी दे रहा जिससे कर्मचारियों व इनके परिवार मे भय का माहौल है।

इसके साथ ही आज कार्यकारी अधिकारी व ठेकेदार ने ब्लॉक कमेटी के साथ मिटिंग करके जल्द ही बकाया वेतन का भुगतान करने इपीएफ व ईएसआई कर्मचारिओ के खाते मे जमा करने व उसका सरकारी परिपत्र के अनुसार लाभ देने का ठोस आश्वासन दिया संघ की ब्लॉक कमेटी ने ये कहा कि अगर 10 अप्रैल तक मानी गई मांगों का समाधान नही हुआ तो 11 अप्रैल को झाड़ू उल्टे लेकर एसकेएस के प्रदर्शॅन मे बढ़ चढ़कर भाग लेकर उपायुक्त को ज्ञापन देंगे।

#### 11 अप्रैल को एसकेएस जिला स्तरीय प्रदर्शन करेगा

नगर पालिका कर्मचारी संघ से राज्य मुख्य संगठन कर्ता व सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के जिला प्रधान शिवचरण जिला सचिव मास्टर रामपाल शर्मा ने कहा राज्य सरकार के खिलाफ 11 अप्रैल को एसकेएस जिला स्तरीय प्रदर्शन करके जिला अपायुक के माध्यम से राज्य सरकार को मांगपत्र देगा। इस अवसर पर अमित क्योड़क, मुकेश कुमार ,कपिल कल्याण महिला विंग प्रधान संतरो देवी, वर्षा, सुरेखा, विधा,सरोज, पूजा कल्याण, बीना, कलसो, रामदेव, सन्नी कांगडा,दर्शन कुमार,सुरेश कुमार, सोनू कल्याण,सतीश कुमार,अमित गिल व अन्य कर्मचारी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

---



पूंडरी। श्वेता स्कूल में ऑफलाइन ट्रेनिंग में भाग लेते शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

## श्वेता रॉयल पब्लिक स्कूल में शिक्षक ट्रेनिंग करवाई

### नई शिक्षा नीति-2020 के तहत ऑफलाइन ट्रेनिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पूंडरी

श्वेता रॉयल पब्लिक स्कूल पूंडरी में केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के तहत भारत सरकार की नई शिक्षा नीति-2020 को ध्यान में रखते हुए स्कूल के सभी शिक्षकों को 25 घंटे ऑनलाइन और 25 घंटे ऑफलाइन शिक्षक ट्रेनिंग करवाई गई। ट्रेनिंग के दौरान क्लास मैनेजमेंट, न्यू एजुकेशन पालिसी, लर्निंग एंड ट्रेनिंग, साइबर स्पेस सिक्योरिटी, नेशनल करिकुलम फ्रेम वर्क व अन्य शिक्षण तकनिकी का प्रशिक्षण दिया।

नई शिक्षा तकनीकी के अनुसार शिक्षा विद्यार्थी केन्द्रित हैं। इस प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों को अपना शिक्षण बेहतरीन बनाने व डिजिटल शिक्षा अपनाने पर विशेष जोर दिया गया हैं। आज टेक्नोलॉजी के युग में शिक्षण की नई तकनीकी से अध्यापको का प्रशिक्षित होना नितांत आवश्यक हैं। इससे एक प्रशिक्षित अध्यापक बच्चो को समय की मांग के अनुसार शैक्षिक ज्ञान दिया जा सकें। और शिक्षा को सरल व विद्यार्थी केन्द्रित बनाया जा सकें।

---

## नरवाना के हुड्डा मार्केट में फिर लगे कचरे के ढेर, नगर परिषद नजर आ रहा बेबस

■ समय पर नहीं की जाती सफाई ठेका छोड़ने की कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरवाना



नरवाना। शहर में लगे गंदगी के ढेर। फोटो : हरिभूमि

ठेका छोडऩे में कोताही बरतने से शहर बनता है कचरे का डस्टबिनए पिछले सालों से नहीं लेते सबक। इस वर्ष तो शहर से बड़ा कैबिनेट मंत्री भी मौजूद है पिछले सालों में तो कोई शहर की जिम्मेदारी लेने वाला नहीं था अब कैबिनेट स्तर के मंत्री के होते हुए भी शहर हाल बेहाल हैए कोई भी सुध लेने वाला नहीं है। जबकि मंत्री कृष्ण बेदी सप्ताह में तीन दिन शहर में रहता है कोई भी भाजपा पदाधिकारी उनको शहर की बदहाली से अवगत करवाने वाला नहीं सिर्फ अपने व्यक्तिगत लाभ के सिवा। शहर की गलियों में लगे कचरा के ढेर के बारे कुछ नहीं बताया जाता। भगवान ही रखवाला है इस शहर का कब नगर परिषद के अधिकारियों की नींद खुलती हैं ये तो समय ही बताएगा। ये हाल है हुड्डा मार्केट ओर माडल टाउन टेलीफोन एक्सचेंज के पास काए नगर परिषद प्रशासन की बेरुखी की वजह से लोग कचरा डालने पर मजबूर हैं।

---

## वेदांता इंटरनेशनल स्कूल में विश्व स्वास्थ्य दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया

■ संतुलित आहार और स्वस्थ जीवनशैली की जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरवाना



कार्यक्रम में भाग लेते बच्चे। फोटो : हरिभूमि

वेदांता इंटरनेशनल स्कूल में विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य जागरूकता से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दिन को विशेष रूप से छात्रों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत एरोबिक्स, जुम्बा और योगा सेशनों के साथ हुई, जिनमें छात्रों ने बढ़.चढ़कर भाग लिया। शिक्षकों ने संतुलित आहार और स्वस्थ जीवनशैली पर प्रभावशाली भाषण दिए, जिससे छात्रों को स्वास्थ्य के महत्व की गहरी समझ मिली। विद्यालय की प्राचार्या वीना डारा ने छात्रों को अच्छे स्वास्थ्य और व्यक्तिगत स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। मेनका ने छात्रों की ऊँचाई और वजन की माप लेकर उनका शारीरिक मूल्यांकन किया। साथ ही उन्होंने छात्रों को बीएमआई ;बॉडी मास इंडेक्सद्ध और बीएमआर ;बेसल मेटाबोलिक रेटद्ध की गणना करना भी सिखायाए जिससे छात्र अपने स्वास्थ्य को बेहतर ढंग से समझ सकें। विद्यालय के निदेशक इंजीनियर प्रदीप नैन ने छात्रों को खेलों और शारीरिक गतिविधियों के प्रति प्रेरित करते हुए कहा कि स्वस्थ शरीर ही उज्जवल भविष्य की नींव है। यह आयोजन न केवल ज्ञानवर्धक रहा, बल्कि छात्रों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता और उत्साह भी जागृत हुआ।

---

## शिक्षा भारती मॉडल स्कूल के विद्यार्थियों का राष्ट्रीय गणित ओलंपियाड में उत्कृष्ट प्रदर्शन

■ प्रतियोगिता के कठिन प्रश्नों का सामना किया

हरिभूमि न्यूज. ▶▶ नरवाना



बच्चों को सम्मानित करते हुए।

शिक्षा भारती मॉडल स्कूल के विद्यार्थियों ने हाल ही में आयोजित राष्ट्रीय गणित ओलंपियाड में भाग लेकर विद्यालय का नाम रोशन किया। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपने गणित में ज्ञान और समझ का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। गणित में अपनी गहरी समझ दिखाते हुए उन्होंने प्रतियोगिता के कठिन प्रश्नों का सामना किया। विभिन्न कक्षाओं से बच्चों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। कक्षा सातवीं की छात्रा अंशु ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया। विद्यालय के बहुत सारे बच्चों ने इस प्रतियोगिता मे भाग लिया।

इसमें कक्षा छठी से अनुजए नीतिका, तथा कक्षा सातवीं से यूवी, अंशु, दीप सिंह, रमन, रितिका तथा कक्षा आठवीं से अस्मिता, गर्विता, शेखर एकक्षा नौवीं से जैसवीन शिक्षा तथा कक्षा दसवीं से अनमोल तथा कक्षा ग्यारहवीं से नवदीप तथा कक्षा 12वीं से आर्यन और नवनीत सभी बच्चों ने अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और सर्टिफिकेट प्राप्त किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य नवीन शर्मा ने विजेता विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह हमारे लिए अत्यंत हर्ष का विषय है कि हमारे विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का परिचय दिया है। इन प्रतियोगिताओं से विद्यार्थियों को अपनी योग्यता को राष्ट्रीय स्तर पर परखने का अवसर मिलता है।

---

## निशा महर्षि वाल्मीकि संस्कृत विवि एमए संस्कृत की गोल्ड मेडलिस्ट रही सुरेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पूंडरी



हाबड़ी में छात्रा निशा को सम्मानित करते हुए।

एक्शन एड संस्था, फुले अंबेडकर शिक्षा संस्थान व पिछड़ा वर्ग अधिकार मंच हरियाणा के सदस्यों ने गांव हाबड़ी की निशा हाबड़ी को उनके निवास स्थान पर सम्मानित किया। सुरेश टांक ने बताया कि निशा पुत्री रवि ने एमए संस्कृत में गोल्ड मेडल प्राप्त किया है। सभी लड़कियों व गरीब समाज के लिए संदेश है कि मेहनत और लगन से हर मुकाम को हासिल किया जा सकता है। निशा ने बताया कि यह गोल्ड मेडल से महामहिम बंडारू दत्तात्रेय राज्यपाल हरियाणा द्वारा 19 मार्च 2025 को महर्षि वाल्मीकि संस्कृत विश्वविद्यालय मून्दड़ी में सम्मानित किया था। वह अपना अधिक समय पढ़ाई में ही लगाती है। निशा ने सीईटी की परीक्षा पास की हुई है । संस्था के सदस्यों ने कहा कि उपरोक्त सभी सामाजिक संगठनों की ओर से छात्रवृत्ति एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जागरुकता अभियान चलाया जाता है।

---

## मंडी में सड़कों पर आढ़ती न गिरवाएं गेहूं की ढेरियां

हरिभूमि न्यूज. ▶▶ कैथल




अनाज मंडी प्रधान कृष्ण मितल व्यापारियों की बैठक को संबोधित करते हुए

सोमवार को नई अनाज मंडी के आढ़तियों की एक बैठक अग्रसैन धर्मशाला जाखौली अड्डा पर हुई, जिसकी अध्यक्षता मंडी प्रधान कृष्ण मितल ने की। बैठक को सम्बोधित करते हुए मंडी प्रधान कृष्ण मितल ने कही की कोई भी आढ़ती मंडी के अंदर सड़कों पर गेहूं की ढ़ेरी नही उतवाएगा। जो भी आढ़ती मंडी से बाहर अपने किसानों की फसल डलवायेगा, वह एसोसियशन में लिख कर दे, ताकि जिला प्रशासन की अनुमति ली जा सके। उन्होंने कहा कि गेहूं के लदान में लगे वाहनों को कोई भी राशि नही दी जाएगी और सभी आढ़तियों को दुकान पर बैठे ही नम्बर अनुसार लदाई के लिए वाहन दी जाएंगें। उन्होंने बताया कि सभी तीनों खरीद एजेंसियों के लदे हुये वाहन एक ही धर्मकांटे पर तुलाये जायेगें और उस कांटे पर वजन चैक करने के लिये एसोसिएशन के आदमी बैठेगें ताकि वजन में कोई हेरा फेरी न हो सके। आढ़तियों द्वारा पुछने पर उन्होंने बताया कि अतिरिक्त अनाज मंडी की तरह यदि कोई आढ़ती किसानों की फसल कांटे पर तुलवाकर गिरवाता है तो उसकी जिम्मेवारी आढ़ती की खुद की होगी न कि एसोसिएशन की। उन्होंने यह भी बताया कि मंडी के आढ़तियों के पैसे मारकर भागने वालों पर सीजन के बाद सख्त कार्रवाई की जायेगी।

---

## साइक्लोथॉन यात्रा में हो जन जन की भागीदारी : दीपक

हरिभूमि न्यूज. ▶▶ कैथल



**कैथल।** एडीसी दीपक बाबू लाल करवा अधिकारियों की बैठक लेते हुए

एडीसी दीपक बाबू लाल करवा ने कहा कि हरियाणा उदय कार्यक्रम के तहत गत पांच अप्रैल से साइक्लोथॉन-0.2 की शुरूआत हिसार से हो चुकी है। इसकी शुरूआत मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा हरी झंडी दिखाकर की गई है। यह यात्रा प्रदेश के सभी 22 जिलों में जाएगी। कैथल जिला में पबनावा गांव (ढांड)में यह साइकिल यात्रा 22 अप्रैल को प्रवेश करेगी। सभी संबंधित अधिकारी साइक्लोथॉन के लिए अधिक से अधिक आमजन की भागीदारी सुनिश्चित करवाएं और युवाओं का रजिस्ट्रेशन करवाएं। साथ ही अन्य तैयारियां करना सुनिश्चित करें और विशेष रूप से शिक्षा विभाग, खेल विभाग, आईटीआई, रेडक्रॉस, पंचायत विभाग इस यात्रा को सफल बनाने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं।

एडीसी दीपक बाबू लाल करवा सोमवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में साइक्लोथॉन यात्रा को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहे थे। एडीसी ने कहा कि नशे के खिलाफ शुरू हुई इस साइक्लोथॉन यात्रा को सफल बनाने के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों की ड्यूटियां लगाई गई है। इस अवसर पर आरटीए गिरीश कुमार, सीटीएम गुरविंद्र सिंह, डीडीपीओ कंवर दमन, डीआईओ दीपक खुराना, डीएसपी सुशील प्रकाश, डीएसपी ललित मौजूद रहे।

---

### 3 से 5 वर्ष के बच्चों के लिए प्ले स्कूल में दाखिला अनिवार्य

**कलायत।** गांव सिनंद में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा रेडीनेस मेले का आयोजन किया गया। सुपरवाइजर रीना मौण की अध्यक्षता मे आंगनवाड़ी वर्कर सुनीता देवी के संयोजन में आयोजित मेले में बतौर मुख्य अतिथि सरपंच सोहनलाल ने की। उन्होंने कहा कि रेडीनेस का मतलब तैयारी, तत्परता, या किसी काम को करने के लिए तैयार होने की स्थिति को कहा जाता है।उन्होंने कहा 3 से 5 वर्ष के बच्चों के लिए प्ले स्कूल में दाखिला अनिवार्य है। इस स्कूल को महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा चलाया जा रहा है।कार्यक्रम में गांव की महिलाओं और बच्चों ने भाग लिया। सुपरवाइजर रीना मौण ने बताया कि प्रारंभिक शिक्षा उनके भविष्य की नीवं होती है। आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों का शारीरिक सामाजिक भाषा बौद्धिक और गणितीय विकास किया जाता है। जिससे वह स्कूल जाने के लिए पूरी तरह तैयार हो जाते हैं।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

---

**कार्यक्रम** राजकीय महाविद्यालय में नशा मुक्ति जागृति, सड़क सुरक्षा, साइबर सुरक्षा कार्यक्रम आयोजित

## व्यस्त जीवन शैली से संस्कारवान बनाना समय की आवश्यकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरवाना



नरवाना शिविर में भाग लेते हुए स्वयंसेवक। फोटो : हरिभूमि

राजकीय महाविद्यालय नरवाना में राष्ट्रीय सेवा योजना रैड रिब्बन क्लब एवं रैड क्रास समिति के संयुक्त तत्वावधान में विश्व स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष हरियाणा सरकार के दिशा निर्देशानुसार कुछ नशा मुक्ति जागृति, सड़क सुरक्षा, साइबर सुरक्षा कार्यक्रम आयोजित किया। प्राचार्या डॉ मीनू सिंह ने कहा कि युवा पीढ़ी को नशा मुक्त योग युक्त ए स्वस्थएचुस्त एमस्त एवं व्यस्त जीवन शैली से संस्कारवान बनाना समय की आवश्यकता है। मुख्य वक्ता श्री नरेश कुमार उप निरीक्षक ने कहा कि नशा प्रवृत्ति से युवा पीढ़ी को शारीरिकए मानसिकए बौद्धिकए आध्यात्मिक एवं धार्मिक चिंतन मनन करने की विवेक शक्ति क्षीण हो रही है। अफीम, गांजा, चिट्टा, स्मैक, हीरोइन एवं अन्य प्रकार के नशों के बारे में व्यापक जानकारी दी गई। नशे के कारण सामाजिक अपराध के साथए एचआईवी एड्सए काला पीलिया एवं अन्य बीमारियां भी दिन प्रतिदिन बढ़ रही है। नशा तस्करी में लिप्त और नशा प्रवृत्ति बढ़ावा देने वालों की जानकारी के लिए टोल फ्री नंबर 9050891508 पर गुप्त सूचना देने वालों को सरकार पुरस्कार भी प्रदान करती है। सड़क सुरक्षा एवं साइबर अपराध के नियमों एवं टोल फ्री नंबर 1930 से भी विद्यार्थियों को अवगत कराया गया। कार्यक्रम संचालक श्री जयपाल सिंह आर्य ने विश्व स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष में बताया कि फास्ट फूड एजंक फूडए बासी एवं तला हुआ पॉलिथीन पैकेट के भोजन खाने से फैटी लीवरएमोटापा एवं पेट संबंधित बीमारियां दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है।

#### 90 से 95% छात्राओं में रक्त की कमी से एनीमिया

गलत खानपान एवं जीवन शैली के कारण लगभग 90 से 95% छात्राओं में रक्त की कमी से एनीमिया है। गुड़ए चना एचूरमाए ताजे सागए फलए सब्जी दूध एवं दूध से बने खाद्य पदार्थों के शुद्ध सात्विक शाकाहारी प्राकृतिक 56 प्रकार के व्यंजनों के भोजन का सेवन स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है। प्रतिदिन में खाली पेट किसी भी एक पेड़ जैसे बड़ए पीपलए नामए कड़ी पत्ता एअमरूदए आमए जामुनए पारिजातए शहतूत इत्यादि के पत्ते या पत्तियों को चबाकर खाना स्वास्थ्य के लिए अति उत्तम है। प्रातः काल आधा घंटा योग एप्राणायामए संध्या उपासनाए सूर्य स्नानएसुर्य नमस्कार के साथ हल्का व्यायाम करने चाहिए।इस अवसर पर प्रोफेसर शैलेंद्र नैनए डॉ सुमन ढुलए कणिकाए अनुपमा एवं मुकेश इत्यादि भी उपस्थित रहे।